प्रादेशिक समाचार
दिनांक–03.10.2025 (सुबह–0830 बजे)

मुख्य समाचार

- गढ़वा, पलामू, हजारीबाग समेत राज्य के कई जिलों में आज बहुत भारी बारिश और वज्रपात की चेतावनी, मौसम विभाग ने जारी किया ऑरेंज अलर्ट, किसान भाईयों को सर्तकता की सलाह।
- केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने देशवासियों से हर वर्ष कम से कम पाँच पांच हज़ार रुपये मूल्य के खादी उत्पाद खरीदने की अपील की ।
- आदि कर्मयोगी अभियान के तहत हजारीबाग में 105 गांव चिन्हित, विशेष ग्राम सभा में जनजातीय कार्य मंत्रालय की प्रतिनिधि ने की योजनाओं की समीक्षा।
- सारंडा को वन्य जीव अभ्यारण्य घोषित करने के प्रस्ताव को लेकर हुई आमसभा, मंत्री दीपक बिरूवा ने कहा– जनता की भावनाओं को सर्वोच्च न्यायालय तक पहुंचाएगी सरकार।
- और हॉकी सिमडेगा मास्टर्स कप में रेंगारी की टीम ने जीता चैंपियनशिप का खिताब, मरियमपुर की टीम को तीन एक से हराया, 40 वर्ष से अधिक के पूर्व खिलाड़ी और पूर्व सैनिक हुए शामिल

****

गढ़वा, पलामू, हजारीबाग समेत राज्य के कई जिलों में आज बहुत भारी बारिश और वज्रपात की चेतावनी जारी की गई है। मौसम विभाग ने इसे लेकर ऑरेज अलर्ट जारी किया है। साथ ही क्षेत्र के किसान भाइयों से सर्तकता बरतने की सलाह दी है। राँची मौसम केन्द्र के वैज्ञानिक सतीश चंद्र मंडल ने जानकारी दी है कि 5 अक्टूबर तक राज्य के लगभग सभी जिलों में हल्के से मध्यम दर्जे की वर्षा होगी। इस दौरान कुछ जगहों पर वज्रपात और तेज आंधी चलने की भी संभावना है।

****

केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने देशवासियों से हर वर्ष कम से कम पाँच –पांच हज़ार रुपये मूल्य के खादी उत्पाद खरीदने की अपील की है। नई दिल्ली में उन्होंने कल खादी उत्पादों पर देशव्यापी छूट सेल का शुभारंभ किया।

****

जनजातीय समुदाय के सशक्तिकरण और उत्तरदायी शासन को बढ़ावा देने के लिए केन्द्र सरकार ने आदि कर्मयोगी अभियान की शुरुआत की है। इसे लेकर हजारीबाग में विशेष ग्राम सभा का आयोजन किया गया। जिसमें जनजातीय कार्य मंत्रालय भारत सरकार की ओर से नमिता कौशिक के साथ उप–विकास आयुक्त इश्तियाक अहमद समेत कई पदाधिकारी शामिल हुए। श्री अहमद ने बताया कि समग्र विकास करने के लिए हजारीबाग के 105 गांव चयनित किए गए हैं।

****

खूंटी जिले की फूदी पंचायत में गांधी जयंती पर कल एक विशेष ग्राम सभा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जनजातीय मंत्रालय से सहायक निदेशक अर्चना कुमारी विशेष अतिथि के रूप में शामिल हुईं। बैठक में "आदि कर्मयोगी अभियान और पाई इंडेक्स और पंचायत स्तर पर संचालित योजनाओं पर विस्तार से चर्चा की गई।

****

आकाशवाणी के ताजातरीन समाचारों के लिए आप हमारी
वेबसाईट news on air.gov.in पर लॉग ऑन कर सकते हैं।

ताजा समाचार एक्स हैंडल @AIR news alerts और फेसबुक पेज All India Radio news पर भी उपलब्ध है।

आप प्रादेशिक समाचार एकांश के एक्स हैंडल

@AIR news अंडर स्कोर_ranchi

और

फेसबुक पेज आकाशवाणी न्यूज रांची,

इंस्टाग्राम पेज तथा

YOUTUBE Channel AIR NEWS Ranchi

पर भी हमारे बुलेटिन सुन सकते हैं।

****

पश्चिमी सिंहभूम जिला स्थित सारंडा वन क्षेत्र को वन्य जीव अभ्यारण्य घोषित करने के प्रस्ताव को लेकर झारखंड सरकार की ओर से कल रोवांम फुटबॉल मैदान में आयोजित आमसभा में लगभग ढाई हजार ग्रामीणों ने भाग लिया। ग्रामीणों ने स्पष्ट कहा कि सेंचुरी बनने से उनकी संस्कृति, परंपरा और आजीविका पर गंभीर असर पड़ेगा। सभा की अध्यक्षता 5 सदस्यीय मंत्री समूह के सदस्य सह मंत्री दीपक बिरुवा ने की। उन्होंने कहा कि जनता की राय सर्वोच्च न्यायालय के समक्ष रखी जाएगी।

****

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की ओर से घोषित जीएसटी बचत उत्सव पिछले महीने की 22 तारीख को शुरू हुआ और इससे समाज के हर वर्ग को लाभ हो रहा है। आज हम पर्यटन क्षेत्र में हुए सुधारो पर चर्चा कर रहे हैं।

****

कोडरमा–राजगीर रेल परियोजना का निर्माण अंतिम चरण में है। इस रेल परियोजना से पर्यटन क्षेत्रों का विस्तार होगा ।

****

सिमडेगा जिले में 40 से अधिक उम्र के खिलाड़ियों के लिए आयोजित हॉकी सिमडेगा मास्टर्स कप के फाइनल मैच में रेंगारी की टीम चैंपियन बनी। रेंगारी की टीम ने मरियमपुर की टीम को तीन एक से पराजित कर खिताब हासिल किया। इनमें हॉकी के पूर्व खिलाड़ी और पूर्व सैनिक शामिल थे।

****

प्रमुख अख़बारों की वेबसाइट की सुर्खियां –

प्रभात खबर की हेडलाइन है– रांची में धू–धू कर जले रावण, कुंभकर्ण और मेघनाद, मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन बोले– बुराई पर अच्छाई की जीत का है प्रतीक।

दैनिक भास्कर ने लिखा है– हजारीबाग में भारी बारिश से छड़वा डैम का फाटक क्षतिग्रस्त

दैनिक जागरण की प्रमुख खबर है– अलका तिवारी बनीं झारखंड की आठवीं राज्य निर्वाचन आयुक्त, संभाला पदभार।

हिंदुस्तान की सुर्खी है– दो ने उगले राज, चेन छिनैती गैंग का हुआ पर्दाफाश; 26 महिलाओं सहित 33 गिरफ्तार।

****